# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–09 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

श्रावण पूर्णिमा पर भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज प्रदेश भर में पारम्परिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बाँधती हैं और उनके दीर्घायु की कामना करती हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं और उनके साथ एक सहयात्री को परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी गयी है। प्रदेश भर में बड़ी संख्या में महिलायें इस सेवा का लाभ उठा रही हैं। यह सुविधा कल रात बारह बजे तक जारी रहेगी। प्रदेश के विभिन्न जिलों की जेलों में भी सुबह से शाम तक कैदी भाइयों को राखी बांधने के लिये बहनों की लाइन लगी रही। वहीं श्रावण पूर्णिमा पर आज वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, गाजीपुर, देवरिया और गोरखपुर सहित विभिन्न जिलों के मंदिरों और शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक और पूजन–अर्चन के लिये सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी हुयी है।

**********

देश भर में आज संस्कृत दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन प्राचीन भारतीय भाषा संस्कृत के पुनरूद्धार और रख–रखाव को बढ़ावा देने के लिये मनाया जाता है। यह भाषा के महत्व, साहित्य और संस्कृति को सम्मान देने का एक अवसर है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**सर्वेभ्यः उत्तर प्रदेश वासिभ्य संस्कृत सताहस्य हार्दिक शुभकामनां संस्कृत भाषा भारतीय ज्ञान परम्परायाः भारतीय संस्कृते च आधार भूताः अस्ती। भारतीय संस्कृते संरक्षणार्थम्, संस्कृत भाषायः अध्ययनम् अतिव आवश्यकम् अस्मिन सप्ताये वयं संस्कृतस्य महत्वम् अस्मरामि संस्कृत वांगमयस्य अमृत धाराय च अनुभवम् कुर्मः।**

**********

रेलवे ने राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसमें यात्रियों को वापसी यात्रा पर बीस प्रतिशत की छूट दी जाएगी। रेल मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के तहत बुक टिकटों पर किराया लौटाया नहीं जाएगा। योजना के तहत तेरह अक्तूबर की अवधि के लिए बुकिंग इस महीने की चौदह तारीख से शुरू होगी। वापसी यात्रा के टिकट बुक करते समय साठ दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी।

**********

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जन शिकायतों के निस्तारण का मूल्यांकन सूचना और डाटा के आधार पर होगा। वरिष्ठ अधिकारी खुद नियमित रूप से समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली–आईजीआरएस के प्रकरणों की समीक्षा करें।

**********

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पन्द्रह अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह और सम्मान समारोह में प्रदेश की तैंतीस ग्राम पंचायतों के प्रधान भी विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गये हैं। जिन प्रधानों को यह मौका मिला है उनमें– देवरिया, गोण्डा, गोरखपुर, जौनपुर, राय बरेली, सिद्धार्थनगर जिलों के एक–एक प्रधान भी शामिल हैं। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि यह प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगातार हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। वाराणसी, प्रयागराज, हापुड़, बदायूं, ग़ाज़ीपुर, बलिया में गंगा नदी, मुरादाबाद में रामगंगा, बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

***प्रदेश के चौबीस से अधिक जिले बाढ़ की चपेट में है। सरकार की तरफ से राहत और बचाव कार्य तेज कर दिये गये हैं। बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया गया है और स्थानीय लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार के मंत्री लगातार अलग–अलग जिलों का दौरा कर बाढ़ि की स्थिति का जायजा लेने के साथ ही बचाव कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उधर मौसम विभाग के मुताबिक आज शाम से कल तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों के कई जिलों में तेज गरज–चमक के साथ भारी बारिश होने की सम्भावना है। समाचार कक्ष से मैं अरूण।***

**********

प्रदेश के मुख्य सचिव एस पी गोयल ने सभी जिलाधिकारियों को हर घर तिरंगा अभियान में और जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेश में चार करोड़ साठ लाख़ झंडे फहराने का लक्ष्य रखा गया है। जनभागीदारी के जरिये ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। श्री गोयल ने कहा कि देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के लिये तिरंगा महोत्सव, तिरंगा रैली गीत संगीत जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराये जाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों में देश भक्ति की भावना जाग्रत करने के लिये शुरू किया गया है। श्री गोयल ने कहा कि जनभागीदारी बढ़ाने के लिये सोशल मीडिया, रेडियो, टीवी और स्थानीय प्रचार माध्यमों के जरिये लोगों को वालंटियर बनने और हर घर तिरंगा सेल्फी अपलोड करने के लिये प्रेरित किया जाय।

**********